दिन–रविवार | दिनांक– 27 / 10 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डिजिटल अरेस्ट के नाम पर की जा रही धोखाधडी पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने लोगों को भयभीत न होने और डिजिटल सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने की सलाह दी।

02. प्रधानमंत्री ने आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में लोगों से वोकल फोर लोकल की भावना के अनुरूप दिवाली में स्थानीय उत्पादों की खरीद करने की अपील की है।

03. पूर्व सांसद शहाबुद्दीन की पत्नी हिना शहाब और उनके पुत्र राष्ट्रीय जनता दल में शामिल।

04. और, विधान सभा की चार सीटों पर उपचुनाव के लिए नामांकन पत्रों की कल जाँच होगी।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डिजिटल अरेस्ट फ्रॉड को लेकर चिंता प्रकट की है। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में आज श्री मोदी ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि कानूनन किसी को भी डिजिटली अरेस्ट नहीं किया जा सकता। उन्होंने स्पष्ट किया कि डिजिटल अरेस्ट के नाम पर हो रहे फर्जीवाड़े को रोकने के लिए सभी जांच एजेंसियां मिलकर काम कर रही हैं।

–––बाईट–––

तमाम जांच एजेंसियां में ताल मेल बनाने के लिए नेशनल साइबर कोऑर्डिनेशन सेंटर की स्थापना की गई है। एजेंसियों की तरफ से ऐसे फ्रॉड करने वाली हजारों वीडियो कॉलिंग आईडी को ब्लॉक किया गया है। लाखों सिम कार्ड मोबाइल फोन और बैंक अकाउंट्स को ब्लॉक किया गया है। डिजिटल अरेस्ट के नाम पर हो रहे स्कैम से बचने के लिए बहुत जरूरी है हर नागरिक की जागरूकता।

प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान एक पीड़ित और एक जालसाज के बीच हुई बातचीत को भी सुनाया। बातचीत में जालसाज अपने को पुलिस, सीबीआई अथवा नार्कोटिक्स विभाग का अधिकारी बता रहा था। श्री मोदी ने कहा कि ऐसे जालसाज, पीड़ित से व्यक्तिगत सूचनाएं लेकर भय का माहौल पैदा कर देते हैं।

श्री मोदी ने लोगों से अपील की कि वे ऐसे फर्जी कॉल आने पर भयभीत न हों। उन्होंने डिजिटल सुरक्षा के लिए तीन उपायों की चर्चा की। ये उपाय हैं—रुको, सोचो और करो।

———बाईट———

मैं आपको डिजिटल सुरक्षा के तीन चरण बताता हूं, रुको सोचो एक्शन लो। कॉल आते ही संभव हो तो स्क्रीनशॉट लें और रिकॉर्डिंग जरूर करें दूसरा चरण है—सोचो, कोई भी सरकारी एजेंसी फोन पर ऐसे धमकी नहीं देती न ही वीडियो कॉल पर पूछताछ करती है न ही ऐसे पैसा की मांग करती है और तीसरा चरण कहता हूं— एक्शन लो, राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 डायल करें परिवार और पुलिस को सूचित करें।

प्रधानमंत्री ने डिजिटल फ्रॉड की स्थिति उत्पन्न होने पर लोगों को शांत रहने और अपनी व्यक्तिगत सूचना किसी से भी साझा न करने की सलाह दी। प्रधानमंत्री ने लोगों को ऐसे मामलों में सलाह के लिए साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 डायल करने और वेबसाइट साइबर क्राइम डॉट जीओवी डॉट इन पर मामले की जानकारी देने की सलाह दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि साइबर फर्जीवाड़े के शिकार लोगों को जागरूकता का प्रसार भी करना चाहिए। इसके लिए हैशटेग सेफ डिजिटल इंडिया का उपयोग किया जा सकता है।

प्रधानमंत्री ने आत्मनिर्भर भारत अभियान की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह अभियान देश की सामूहिक चेतना का अंग बन गया है।

———बाईट———

कभी दुनिया में सबसे ज्यादा डिफेंस इक्यूपमेंट खरीदने वाला भारत, आज, 85 देशों को एक्सपोर्ट भी कर रहा है । स्पेस टेक्नालॉजी में भारत, आज, चंद्रमा के साउड पोल पर पहुँचने वाला पहला देश बना है, लद्दाख के हानले में हमने एशिया की सबसे बड़ी 'इमेजिंग टेलीस्कोप मैस'का भी उद्घाटन किया है। ये चार हजार तीन सौ मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। ये श्मेड इन इंडिया है।

मन की बात में प्रधानमंत्री ने फिट इंडिया के बारे में भी बात की। उन्होंने संतोष जाहिर किया कि भारत के लोग फिटनेस के बारे में ज्यादा जागरूक हो रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने श्रोताओं से नवाचार और आत्मनिर्भर भारत संबंधी उदाहरण सोशल मीडिया पर साझा करने की भी अपील की। उन्होंने त्योहारों के इस मौसम में ख़रीदारी करते समय वोकल फॉर लोकल के मंत्र को ध्यान में रखने की अपील की। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस वर्ष दो महान नायकों—सरदार पटेल और भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती है। सरदार पटेल की 150वीं जंयती इस महीने की 31 तारीख को है। और भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती 15 नवम्बर को मनायी जाएगी।

———बाईट———

इन दोनों महापुरुष ने अलग–अलग चुनौतियां देखीं, लेकिन दोनों का विजन एक था। देश की एकता, सरकार ने महान विभूतियों की 150वीं जन्म–जयंती को राष्ट्रीय स्तर पर मनाने का निर्णय लिया है। मैं आप सभी से आग्रह करूंगा कि आप इस अभियान का हिस्सा बनें। लौह पुरुष सरदार पटेल से जुड़े अपने विचार और कार्य हैज टैग सरदार वन फिफ्टी के साथ साझा करें और धरती आबा बिरसा मुंडा की प्रेरणाओं को हैज टैग बिरसा मुंडा वन फिफ्टी के साथ दुनिया के सामने लायें।

श्री मोदी ने इस वर्ष 31 अक्तूबर को दिवाली के अवसर पर सरदार पटेल की जयंती का उल्लेख करते हुए कहा कि इसके कारण रन फॉर यूनिटी 29 अक्तूबर को ही आयोजित होगी। श्री मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में लोगों को आगामी त्योहारों धनतेरस, दिवाली, छठ पूजा और गुरूनानक जयंती की शुभकामनाएं दी है।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुनने के लिए भाजपा प्रदेश मुख्यालय समेत विभिन्न जिलों में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पटना स्थित प्रदेश कार्यालय में उप मुख्यमंत्री सह पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी और पार्टी के अन्य नेताओं तथा कार्यकर्ताओं ने मन की बात कार्यक्रम को सुना। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने साइबर फ्रॉड और डिजिटल अरेस्ट जैसे गंभीर मुद्‌दें को उठाकर लोगों का मार्गदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि मन की बात में आत्मनिर्भर भारत, फिट इंडिया अभियान और लोकल फॉर वोकल जैसे विषयों को लेकर प्रधानमंत्री ने देशवासियों को देश के प्रगति से सीधे तौर पर जोड़ा है।

———————————————————————

सीवान के पूर्व सांसद मोहम्मद शहाबुद्दीन की पत्नी हीना शहाब और उनके पुत्र ओसामा शहाब ने आज राजद की सदस्यता ग्रहण कर ली। राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद ने इन्हें पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण करायी। इससे पहले तेजस्वी यादव ने संवाददाताओं से बातचीत में इन दोनों के पार्टी में शामिल होने की घोषणा की। गौरतलब है कि हीना शहाब राजद नेतृत्व से नाराज चल रही थी और लोकसभा चुनाव में निर्दलीय उम्मीदवार के रूप मे सीवान संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ा था। इधर, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी ईशान किशन के पिता प्रणव कुमार पांडेय ने जदयू की सदस्यता ग्रहण कर ली है। पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने उन्हें पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई।

———————————————————————————

राज्य के चार विधानसभा क्षेत्रों तरारी, बेलागंज, इमामगंज और रामगढ़ उपचुनाव में प्रत्याशियों द्वारा भरे गए नामांकन पत्रों की कल जांच की जाएगी। उपचुनाव के लिए चार सीटों पर पचास उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। बेलागंज विधानसभा क्षेत्र से सबसे अधिक सत्रह उम्मीदवारो ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। तीस अक्टूबर तक प्रत्याशी अपना नाम वापस ले सकते हैं। मतदान तेरह नवम्बर को होगा। मतों की गिनती तेईस नवम्बर को की जायेगी

———————————————————————————

उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि कला संस्कृति और युवा विभाग विरासतयुक्त विकसित बिहार बनाने के लिए प्रयासरत है। और इस दिशा मे स्पष्ट नीति के साथ कार्य कर रहा है। श्री सिन्हा ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला में तय मानदंडो के आधार पर कलाकारों को मानदेय दिया जाता है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष सोनपुर मेले में बारह दिनों के लिए विभाग के कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए मानदेय के साथ आमंत्रित कलाकारों की सूची तैयारी की जा रही है।

———बाईट———

———————————————————————————

चक्रवाती तूफान दाना का प्रभाव प्रदेश के विभिन्न भागों में अभी भी बना हुआ है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटे के दौरान राज्य के दक्षिण—पूर्व भागों में कई स्थानों पर मध्यम स्तर की वर्षा दर्ज की गई। मुंगेर में सबसे अधिक चौरासी मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई है। इधर, राजधानी पटना समेत आसपास के क्षेत्रों में बादल छाये हुए है और कहीं—कहीं हल्की वर्षा हुई है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले दो दिनो तक प्रदेश के मौसम कोई बड़ा परिवर्तन नही होगा।

———————————————————————————

जानी मानी लोक गायिका शारदा सिन्हा की तबीयत में थोड़ा सुधार होने की सूचना है। उनके पुत्र अंशुमन ने बताया कि उनका इलाज नई दिल्ली स्थित एम्स के आईसीयू में चल रहा है। अंशुमन ने बताया कि एम्स के डॉक्टरों की टीम लोक गायिका के इलाज में तत्परता से जुटी हुई है। उन्होंने सभी प्रशंसकों से शारदा सिन्हा के बेहतर स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना करने का अनुरोध किया।

———बाईट———

————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज लगातार दूसरे दिन पटना में छठ घाटों का निरीक्षण किया। श्री कुमार ने सड़क मार्ग से जे.पी. गंगापथ होते हुए दीघा के पाटीपुल घाट, एल.सी.टी घाट, पहलवान घाट, कृष्णाघाट समेत विभिन्न घाटों पर किए जा रहे कार्यों को जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि छठ व्रती सुगमतापूर्वक गंगा नदी के घाटों पर आ जा सके इसके लिए रास्तों को शीघ्र ही दुरूस्त कराया जाए। साथ ही घाटों पर व्रतियों के लिए अन्य सुविधाएं और सुरक्षा उपायों को भी समय से पूर्व ठीक कर लिया जाए।

————————————————————

बिहार और कर्नाटक के बीच पटना के मोइनुल हक स्टेडियम में खेले जा रहे रणजी ट्रॉफी मुकाबले के दूसरे दिन का खेल आज नही हो सका। मैदान गीला होने और रौशनी कम होने के कारण खेल में बाधा आई।

————————————————————

रेल मंत्रालय की परामर्शदातृ समिति में पूर्व केन्द्रीय मंत्री राधा मोहन सिंह और सांसद दिनेशचन्द्र यादव को शामिल किया गया हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ये नियुक्तियां की है।

————————————————————

खगड़िया जिले में ई–रिक्शा चालकों से रंगदारी वसूलने के आरोप में रहीमपुर के शिक्षक अशोक कुमार और एकनिया दियारा के शिक्षक पुरूषोत्तम कुमार के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की अनुशंसा की गई है।

————————————————————

जमुई के खैरा में राज्य स्तरीय अंडर फोर्टीन बालक ताईक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में तीस जिलो के दो सौ खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इधर, बेगूसराय में खेल मंत्री सुरेन्द्र मेहता ने आज पाँच दिवसीय राज्य स्तरीय बालिका ताईक्वांडो प्रतियोगिता का उद्घाट किया।

———————————————————————

शेखपुरा जिले में पैक्स चुनाव की तैयारियां तेज कर दी गई हैं। जिलाधिकारी आरिफ अहसन ने चौंतीस पैक्सों में दो चरणों में होने वाले चुनाव के लिए बारह कोषांग का गठन किया है। जिले में पहले चरण का पैक्स चुनाव छब्बीस नवंबर और दूसरे चरण का चुनाव उनतीस नवंबर को होगा।

———————————————————————

वैशाली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नौ सौ पंचानवे ग्राम मादक पदार्थ–स्मैक के साथ पाँच तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक हरकिशोर राय ने बताया कि इनके पास से तेरह लाख रूपये नगद भी बरामद किए गए है।

———————————————————————

मुंगेर जिले के कासिम बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत लल्लू पोखर तीनबटिया के पास पुलिस ने छापेमारी कर भारी मात्रा मे शराब के साथ चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डिजिटल अरेस्ट के नाम पर की जा रही धोखाधडी पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने लोगों को भयभीत न होने और डिजिटल सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने की सलाह दी।

02. प्रधानमंत्री ने आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में लोगों से वोकल फोर लोकल की भावना के अनुरूप दिवाली में स्थानीय उत्पादों की खरीद करने की अपील की है।

03. पूर्व सांसद शहाबुद्दीन की पत्नी हिना शहाब और उनके पुत्र राष्ट्रीय जनता दल में शामिल।

04. और, विधान सभा के चार सीटों पर उपचुनाव के लिए नामांकन पत्रों की कल जाँच होगी।

———————————————————————

समाप्त